कोसा-परीक्षण तथा ग्रेडिंग यूनिट	1
कोसों को सुखाने के चैम्बर्स	20
प्रदर्शन-सह-प्रशिक्षण केंद्र	1
रेशम उत्पादन प्रशिक्षण विद्यालय	1

उपरोक्त एकक स्थापना के विभिन्न चरणों में है तथा इसलिए इस परियोजना के अंतर्गत रेशम उत्पादन की उपलब्धि की मात्रा के बारे में अभी बताया जा सकता है जब ये एकक कार्य करना शुरू कर देंगे ।

राज्य व्यापार निगम में फालतू कर्मचारी

372. **श्री अजीत जोगी : क्या वाणिज्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राज्य व्यापार निगम ने स्वैच्छिक सेवा-निवृत्ति योजना को स्थगित करने और साथ ही अपने फालतू कर्मचारियों की छंटनी का भी निर्णय किया है ;

(ख) क्या अधिकारी तथा कर्मचारी स्तर पर फालतू कर्मचारियों के संबंध में कोई मूल्यांकन किया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री पी० चिदम्बरम) : (क) स्टेट ट्रेडिंग कारपोरेशन (एस०टी०सी०) ने दिनांक 5-8-91 से 19-8-91 तक स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना चलायी । योजना को अब स्थगित कर दिया गया है । तथापि कर्मचारियों की छंटनी करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) और (ग) एस० टी० सी० ने बेशी स्टाफ की संख्या और उनके स्वरूप का पता लगाने के लिए अध्ययन करने हेतु राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद का गठन किया है ।

आवश्यक वस्तुओं की खरीद हेतु बैंकों आदि द्वारा दिये जाने वाले ऋण

373. **श्री अजीत जोगी :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकारी क्षेत्र के बैंकों तथा अन्य सरकारी वित्तीय संस्थाओं द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान विभिन्न आवश्यक वस्तुओं की खरीद के लिये कितनी धनराशि के ऋण दिये गये तथा चालू वर्ष में इस प्रयोजन के लए कितनी धनराशि के ऋण दिये जाने का प्रस्ताव है ;

(ख) क्या इन बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं द्वारा गैर-सरकारी थोक विक्रेताओं को दिये जाने वाले ऐसे ऋण बंद किये जाने संबंधी कोई प्रस्ताव है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) वाणिज्यिक बैंक आवश्यक वस्तुओं की खरीद के साथ-साथ थोक व्यापारियों के परिचालनों के लिए अग्रिम देते हैं । पिछले 3 वर्षों के दौरान खाद्यान्न चीनी, मुख्य तिलहन आदि जैसी चुनी हुई आवश्यक वस्तुओं के लिए बैंकों के बकाया अग्रिमों को निम्नलिखित सारणी में दर्शाया गया है :—

(करोड़ रुपए)

	राशि
मार्च 1988	1722
मार्च 1989	2128
मार्च 1990	2424
फरवरी 1991	2400

(अद्यतन उपलब्ध)

आवश्यक वस्तुओं के व्यापार के लिए अन्य सरकारी वित्तीय संस्थाएं अग्रिम उपलब्ध नहीं कराती हैं ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न पैदा ही नहीं होता ।